# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## बुधवार, दिनांक 12 मार्च, 2025

## कुल संख्या-22

| | |
|---|---|
| उप मुख्य मंत्री (उच्च शिक्षा) | 03 |
| उद्योग मंत्री | 03 |
| जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी मंत्री | 03 |
| जल संसाधन मंत्री | 02 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 03 |
| राजस्व मंत्री | 02 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 03 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के लाभार्थी

398. (5223/उच्च शिक्षा) श्री रफीक खान (123) - क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वितों का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वितों को संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया गया है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नोखा के श्री जेठाराम डूडी खेल स्टेडियम हेतु बजट आवंटन

399. (3622/युवा मामले एवं खेल) श्रीमती सुशीला रामेश्वर डूडी (185) - क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या विधान सभा क्षेत्र नोखा के श्री जेठाराम डूडी खेल स्टेडियम नोखा के विकास हेतु विगत पांच वर्षों में कोई बजट आवंटन किया गया है? यदि हां, तो कब व कितना एवं नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा उक्त अवधि में उक्त खेल स्टेडियम में कौन-कौनसे खेलों के खेल प्रशिक्षकों व कोच की नियुक्ति कब-कब की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सांजू तहसील मुख्यालय पर कनिष्ठ अभियंता का पद

400. (5275/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) श्री अजय सिंह (2)- क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र डेगाना में तहसील सांजू कस्बा पर विभाग का कोई भी अधिकारी कार्यरत नहीं है? यदि हां, तो क्यों?

(2) क्या सरकार तहसील मुख्यालय सांजू में कनिष्ठ अभियंता का पद स्वीकृत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## उदयपुर संभाग की नदियों को संरक्षित करने की योजना

401. (1191/जल संसाधन) श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी (80) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में सरकार द्वारा विलुप्त नदियों को संरक्षित करने के लिए अब तक कौन-कौनसे कार्यक्रम या योजनाएं संचालित हैं?

(2) सरकार द्वारा नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए जलसंचय,

वनीकरण और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने अवैध खनन, अतिक्रमण और प्रदूषण को रोकने के लिए क्या योजना प्रस्तावित है?

(3) उदयपुर संभाग की बनास, गोमती, बेड़च, गम्भीरी, आहड़, सोम व जाखम नदी के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा अब तक कौन-कौनसे कार्यक्रम चलाए गए हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## थानागाजी विधान सभा क्षेत्र में माडा योजनान्तर्गत स्वीकृत राशि

402. (6625/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री कान्ति प्रसाद (29) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र थानागाजी में माडा योजना के तहत केन्द्र व राज्य सरकार से विगत एक वर्ष में कितनी राशि स्वीकृत की गई? उक्त योजना में कौनसे कार्य गांवों में चालू हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त योजना के अन्तर्गत उक्त विधान सभा क्षेत्र के किस-किस गांव में, कितनी राशि स्वीकृत की गई है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त योजना के अन्तर्गत कितने गांव सम्मिलित हैं? क्या सरकार उक्त योजना से वंचित गांवों को भी योजना से जोड़ने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जनजाति क्षेत्र में नगरपालिका की स्थापना

403. (1990/स्वायत्त शासन) डॉ. दयाराम परमार (76) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जनजाति क्षेत्र में नगरपालिका खोलने के संवैधानिक प्रावधान क्या है?

(2) विगत पांच वर्षो में जनजातीय क्षेत्र में कितनी नगरपालिकाएं खोली गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बगरू विधान सभा क्षेत्र के आबादी क्षेत्र में हाई वोल्टेज की विद्युत लाइनें

404. (3934/ऊर्जा) श्री कैलाश चन्द वर्मा (36) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र बगरू में हाई वोल्टेज की झूलती हुई विद्युत लाइनें आबादी क्षेत्रों से गुजर रही हैं? यदि हां, तो कौन-कौनसे गांवों में? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त लाइनों को आबादी क्षेत्रों से अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र बगरू के आबादी क्षेत्र में विद्युत लाइनों के ढीले व अधिक लटके हुए तारों को ठीक करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सहाडा विधान सभा क्षेत्र में निगम बसों का संचालन

405. (5656/परिवहन) श्री लादु लाल पितलिया (144) - क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सहाडा में राजस्थान परिवहन निगम की कितनी बसों का संचालन किया जा रहा है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार रायपुर एवं गंगापुर बस डिपो के नवीनीकरण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या भीलवाड़ा से रायपुर वाया गंगापुर मार्ग पर लोक परिवहन/निजी बसों के परमिट जारी किये हैं? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## परतापुर गढी औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार

406. (7140/उद्योग) श्री कैलाशचन्द्र मीणा (37) - क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार जिला बांसवाड़ा के परतापुर गढ़ी रीको औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार कर अनुदान/रियायती दर पर भूखण्ड उपलब्ध कराने का विचार रखती हैं? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र गढ़ी एवं जिला बांसवाड़ा में लघु उद्योग लगाकर रोजगार उपलब्ध कराने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा जनजाति क्षेत्र बांसवाड़ा में किस-किस योजना में उद्योग लगाने पर, क्या-क्या अनुदान दिया जाता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जेजेएम योजना के तहत पाईप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त सड़कें

407. (3546/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) श्री हाकम अली खां (197) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना में पाइप लाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क व रेम्प को पुन: बनाने की जिम्मेदारी किसकी है तथा कितने समय में बनाने का प्रावधान है?

(2) यदि संबंधित फर्म द्वारा उक्त कार्य नहीं किया जाता है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## गंगापुर विधान सभा क्षेत्र में संचालित आवासीय छात्रावास

408. (1596/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री रामकेश (133) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र गंगापुर में जनजाति के आवासीय विद्यालय व छात्रावास कहां-कहां संचालित हैं उक्त में कितने छात्र, छात्राएं अध्ययनरत हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त छात्रावासों में वार्डन एवं अधीक्षकों के कितने पद सृजित हैं तथा कितने छात्रावासों में उक्त पद

रिक्त हैं? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

(3) सरकार द्वारा उक्त छात्रावासों में अध्ययनरत प्रत्येक पर कितनी-कितनी राशि व्यय करती है? क्या सरकार दी जा रही राशि को पर्याप्त मानती है? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त राशि बढाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## गौशाला निर्माण हेतु गोचर भूमि का आवंटन

409. (6834/राजस्व) श्री गोरधन (47) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही कि राजस्व रिकॉर्ड में भूमि की किस्म गोचर दर्ज की जाती है? यदि हां, तो गौशाला निर्माण के लिए गोचर भूमि से भूमि आवंटन नहीं करने के क्या कारण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार गोचर भूमि पर गौशाला निर्माण हेतु भूमि आवंटित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कैसे व कब तक तथा नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नव विकसित कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं

410. (6041/नगरीय विकास एवं आवासन) महन्त बालकनाथ (114) - क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में नवीन कॉलोनियां विकसित करने संबंधी क्या नियम निर्धारित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि कॉलोनाईजर्स द्वारा बिना मूलभूत सुविधाओं के ही कॉलोनियां काटी जा रही हैं? यदि हां, तो उक्त कॉलोनियों में आमजन को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## डूंगरपुर विधान सभा क्षेत्र में लम्बित कृषि कनेक्शन

411. (1104/ऊर्जा) श्री गणेश घोगरा (39) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र डूंगरपुर में किसानों को दिन में कितने घण्टे बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में विगत एक वर्ष में कृषि कनेक्शन हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने कनेक्शन जारी किये गये हैं तथा कितने लम्बित हैं? पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खण्डार विधान सभा क्षेत्र के औषधालयों में पंचकर्म की सुविधा

412. (7357/आयुर्वेद) श्री जितेन्द्र कुमार गोठवाल (63) - क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या विधान सभा क्षेत्र खण्डार के औषधालयों में पंचकर्म की सुविधा उपलब्ध है? यदि हां, तो कहां-कहां? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा बेरोजगारों को प्रशिक्षण

413. (5327/उद्योग) श्री धर्मपाल (83) - क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार की दृष्टि से प्रशिक्षित करने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जयपुर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है? यदि हां, तो कहां व कब से? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) प्रदेश में उक्त प्रशिक्षण केन्द्रों में कौन-कौनसे पाठ्यक्रम संचालित हैं तथा उक्त में प्रशिक्षणार्थियों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाती हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र खेतड़ी के कितने बेरोजगारों ने उक्त केन्द्रों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला डीग में अमृत योजना में आमंत्रित निविदा

414. (5107/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) डॉ. शैलेश सिंह (164) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि अमृत 2.0 योजनान्तर्गत जिला डीग के कस्बा डीग, कुम्हेर, नगर, सीकरी व कामां को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिला डीग की क्लब निविदा आमंत्रित की गई थी? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त क्लब निविदा में किन-किन फर्मों ने भाग लिया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार डीग जिले की क्लब निविदा को हटाकर कस्बावार निविदा आमंत्रित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

## जिला बांसवाड़ा में नहर निर्माण एवं मरम्मत कार्य

415. (2755/जल संसाधन) श्री जयकृष्ण पटेल (116) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) बांसवाड़ा जिले में सरकार द्वारा माह जनवरी, 2020 से माह दिसम्बर, 2024 तक नहर निर्माण एवं मरम्मत के कार्य कहां-कहां व कितनी-कितनी राशि से, किस-किस फर्म के माध्यम से करवाए गए हैं? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त अवधि में खराब गुणवत्ता के कार्य करवाये जाने के कारण नहर टूटने की समस्या आ रही है? यदि हां, तो उक्त कार्य करने वाली संबंधित फर्मों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) जिला बांसवाड़ा में उक्त अवधि में विभाग द्वारा एक करोड़ या उससे ज्यादा के कौन-कौनसे कार्य, किस-किस फर्म से करवाए गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) जिला बांसवाड़ा में उक्त अवधि में करवाए गए कितने कार्यों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की कितनी शिकायत सरकार को प्राप्त हुई? उक्त

के संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जमवारामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में टाडा, माडा योजना में सम्मिलित गांव

416. (4943/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री महेन्द्र पाल मीना (115) - क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र जमवारामगढ़ में टाडा, माडा योजना के अन्तर्गत कौन-कौनसे गांव सम्मिलित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विगत पांच वर्षों में उक्त योजनान्तर्गत किन-किन गांवों के क्या-क्या प्रस्ताव, कब-कब प्राप्त हुए? उक्त में से कितने स्वीकृत किए गए तथा कितने लम्बित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त लंबित प्रस्तावों की स्वीकृति कब तक जारी करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## फलोदी विधान सभा क्षेत्र में तहसील/उप तहसील की स्थापना

417. (4619/राजस्व) श्री पब्बाराम विश्नोई (87) - क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र फलोदी में तहसील व उप तहसील खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कहां-कहां व कब तक तथा नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## किशनगढ़ नगर परिषद द्वारा जारी आवासीय पट्टे

418. (4501/स्वायत्त शासन) श्री विकास चौधरी (148) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) नगर परिषद किशनगढ़ द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान में आवासीय पट्टा वितरण हेतु कितने लोगों से राशि जमा की गई? वार्डवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त नगर परिषद द्वारा विगत तीन वर्षों में राशि जमा करने के उपरान्त कितने पट्टे जारी किए गये एवं कितने शेष हैं? सरकार शेष पट्टे कब तक जारी करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## लखनपुर (नदबई) में सहायक अभियंता कार्यालय की स्थापना

419. (5850/ऊर्जा) श्री जगत सिंह (56) - क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र नदबई के लखनपुर उप तहसील मुख्यालय पर सहायक अभियंता कार्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव।**

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक: 28 फरवरी, 2025**